भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.3198
08 अगस्त, 2023 को उत्तर देने के लिए

खाद्य प्रसंस्करण संस्थान

3198. चौधरी महबूब अली कैसरः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोशी क्षेत्र सहित बिहार राज्य में विशेष-कर खगड़िया जिले में उन स्थानों का ब्यौरा क्या है जहां सरकार द्वारा नियंत्रित और प्रशासित खाद्य प्रसंस्करण विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थान स्थित हैं;

(ख) देश में नए खाद्य प्रसंस्करण संस्थानों की स्थापना के क्या मानदंड हैं ;

(ग) क्या सरकार का कोशी क्षेत्र के युवाओं में खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों का विकास करने के लिए बिहार राज्य के खगड़िया जिले में खाद्य प्रसंस्करण संस्थान अथवा इसका विस्तार केन्द्र स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने ऐसी कोई योजना बनाई है जिससे बिहार राज्य के खगड़िया, समस्तीपुर और सहरसा जिलों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट पास छात्र रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर सकें और सफल उद्यमी बनने के लिए खाद्य प्रसंस्करण स्टार्ट-अप कंपनी की सफलतापूर्वक स्थापना कर सकें; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और **(ख):** प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के तहत एक क्षमता निर्माण केंद्र पटना में स्थित है और निफ्टेम, कुंडली का एक क्षेत्रीय केंद्र हाजीपुर में स्थित है ।

(ग): अभी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) और **(ङ):** पीएमएफएमई योजना के क्षमता निर्माण घटक के तहत, योजना के लाभार्थियों के प्रशिक्षण का प्रावधान है।

*****